प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने तथा एक दूसरे की ताकत बनने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आज तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ वर्चुअल सम्मेलन में अपने प्रारम्भिक वक्तव्य में अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण मौजूदा वैश्विक माहौल पर भी चिंता व्यक्त की। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि ये देश जलवायु परिवर्तन के साथ–साथ स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद समाज के लिए गंभीर खतरे बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विभाजन और प्रौद्योगिकी से संबंधित नई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां भी उभर रही हैं।

****

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रथम उप प्रबंध निदेशक डॉ. गीता गोपीनाथ ने कहा है कि पिछले वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान भारत की वृद्धि दर उम्मीद से कहीं बेहतर रही और उम्मीद है कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सुश्री गोपीनाथ ने नई दिल्ली में कहा कि भारत को अगले 5–6 वर्षों में रोजगार के लाखों अतिरिक्त अवसर पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को उम्मीद है कि निजी खपत में सुधार होगा और अनुकूल मानसून से फसलों की पैदावार बढ़ेगी। सुश्री गोपीनाथ ने कहा कि दोपहिया वाहनों की बिक्री से लेकर तेजी से बढ़ते उपभोक्ता सामान तक, भारत में कुल खपत बढ़ रही है।

****

भारतीय चिकित्सिक संघ, आई एम ए के देशव्यापी हड़ताल के कारण राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं। कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना को लेकर सरकारी और निजी अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल जारी है। राज्य मेडिकल कॉलेज के जूनियर और रेजिडेंट डॉक्टर कार्यस्थल पर चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर हड़ताल पर हैं। राजधानी रांची समेत हजारीबाग, गुमला, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम समेत अन्य जिलों में रेजिडेंट डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ अपना विरोध जारी रखा है। हड़ताल के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

****

पाकुड़ जिले से कल झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। इस मौके पर महिला लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक हज़ार रुपए की सम्मान राशि की पहली किस्त जारी की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 21 अगस्त को पलामू में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों से बात करेंगे और लाभुकों के लिए राशि भी जारी करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। पलामू पुलिस स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित है।

****

जामताड़ा जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

****

देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 43 लाख 46 हजार 227 लोगों ने जलार्पण

कर लिया है। अब सिर्फ पांचवी यानि अंतिम सोमवारी ही बची है। इस दौरान अब तक मंदिर को पांच करोड़ 42 लाख 55 हजार 702 रुपये की आय हुई है।

****

मौसम विभाग ने आज और कल राजधानी रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि कई जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान कहीं कहीं गर्जन और वज्रपात होने की आशंका जताई गई है।

*******समाप्त*******